# बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला (उत्तरकाशी)

## ओरिएन्टेशन तथा गाईडेंस, कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम



संयोजक
राजेन्द्र लाल आर्य



प्राचार्य
डॉ0 गणेश प्रसाद रतूड़ी

### दिनांक–17, 18 तथा 20 नवम्बर 2021

**प्रथम दिवस– बुद्धवार दिनांक–17–11–2021**

11:00 से 11:30 तक बी0ए0/बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष के छात्र/छात्राओं का स्वागत कार्यक्रम



श्री राजेन्द्र लाल आर्य–असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र–व्याख्यान और परिचय

11:30 से 12:00 डॉ0 यमुना प्रसाद रतूड़ी–असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी–व्याख्यान और परिचय



12:00 से 12:30 श्री दीपक सिंह चौहान–असिस्टेंट प्रोफेसर गणित–व्याख्यान और परिचय



12:30 से 1:00 डॉ0 तबस्सुम जहां–असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र–व्याख्यान और परिचय



1:00 से 1:30 डॉ0 विशम्बर जोशी–असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान– व्याख्यान और परिचय

1:30 से 2:00 डॉ0 गणेश प्रसाद रतूड़ी–असिस्टेंट प्रोफेसर (प्राचार्य) भौतिक विज्ञान–व्याख्यान–प्रथम दिवस का समापन

---

**द्वितीय दिवस– गुरूवार दिनांक–18–11–2021**



11:00 से 11:30 श्री कृष्णदेव रतूड़ी–असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास–व्याख्यान और परिचय



11:30 से 12:00 श्री भूपाल सिंह कार्की–असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान –व्याख्यान और परिचय



12:00 से 12:30 श्री विनोद कुमार–असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान–व्याख्यान और परिचय



12:30 से 1:00 डॉ0 प्रियंका–असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान–व्याख्यान और परिचय



1:00 से 1:15 श्री प्रताप सिंह–प्रयोगशाला सहायक जन्तु विज्ञान/परीक्षा सहायक –व्याख्यान और परिचय



1:15 से 1:30 श्री हरिश चन्द्र बिजल्वाण वरिष्ठ सहायक –व्याख्यान और परिचय

## 1:30 से 1:45 श्री कुन्दन सिंह रावत कनिष्ठ सहायक –व्याख्यान और परिचय




## 1:45 से 2:00 परिवार के अन्य सदस्यों का परिचय


श्रीमती ललीता


अष्टम सिंह


श्रीमती सरोज


रमेश


सुमन


प्रहलाद


जगनाथ असवाल


मनवीर सिंह रावत

---

## तृतीय दिवस दिनांक–20–11–2021 को सम्बन्धित विषय प्राध्यापक विषय से सम्बन्धित अवसरों की चर्चा कक्षावार करेंगे।

---

## 2:00 से 2:30 प्राचार्य सम्बोधन तथा द्वितीय दिन का समापन

---



# तीन दिवसीय कॅरियर काउंसिलिंग में शिक्षकों का मिला सहयोग

भास्कर समाचार सेवा

पुरोला। बर्फियालाल जुवांठा राजकीय महाविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय ओरिएंटेशन तथा गाइडेंस, कॅरियर कॉउंसिलिंग का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश प्रसाद रतूड़ी ने विधिवत रूप से कार्यक्रम का समापन किया। तीन दिन तक चले कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के सैकड़ों छात्र छात्राओं को उनके कॅरियर को लेकर उनका मार्गदर्शन किया। महाविद्यालय के प्राध्यापक कृष्णदेव रतूड़ी व राजेंद्र लाल आर्य ने छात्रों को बताया कि महाविद्यालय में पढ़ाए जाने वाले विषयों को छात्रों को अपनी रुचि व कॅरियर के हिसाब से चुनाव करना चाहिए। साथ ही अपने लक्ष्य को सामने रखकर अपने कॅरियर के प्रति सजग रहने की सलाह दी। प्राध्यापकों ने छात्रों को उनके कॅरियर के प्रति अभी से सजग होने की सलाह दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक विनोद कुमार, भूपाल सिंह कार्की, नरेश लाल, डॉ. प्रियंका, हरीश बिजल्वाण आदि थे।

### महाविद्यालय के छात्रों को करियर से जुड़ी जानकारी दी

पुरोला। बर्फियालाल जुवांठा राजकीय महाविद्यालय पुरोला में चल रहे तीन दिवसीय ओरिएंटेशन व गाइडेंस करियर काउंसिलिंग का महाविद्यालय के प्राचार्य डा. गणेश प्रसाद रतूड़ी ने विधिवत समापन किया। इस दौरान छात्रों को करियर से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई। महाविद्यालय के प्राध्यापक कृष्ण देव रतूड़ी व राजेन्द्र लाल आर्य ने छात्रों को बताया कि महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विषयों को छात्रों को अपनी रुची व कैरियर के हिसाब से चुनाव करना चाहिए। मौके पर प्राध्यापक विनोद कुमार, भूपाल सिंह कार्की, नरेश लाल, डॉ प्रियंका, डॉ तब्बुसुम, हरीश, प्रताप सिंह आदि थे।

# मोरी तहसील में निरीक्षण में गायब मिले कर्मचारी

निर्देश

पुरोला | संवाददाता

मोरी ब्लाक मुख्यालय में शनिवार को कार्यालयों में ताला लटके मिले। तहसील मुख्यालय से विकासखण्ड कार्यालय के कर्मचारी नदारद मिले।

जिस पर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने बीडीओ को तलब कर स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने कार्यालय में कार्य दिवस पर कर्मचारियों की गैरमौजूदगी की रिपोर्ट जिलाधिकारी और सीडीओ को अग्रिम कार्यवाही के लिए भेज दी है। उपजिलाधिकारी सैनी अपने औचक निरीक्षण पर शनिवार को विकासखण्ड कार्यालय मोरी पहुंचे। जहां कार्यदिवस पर कर्मचारी नदारद थे और कार्यालय के कमरें सब बंद पाए गए।

खण्ड विकास अधिकारी जगदीश पंवार से फोन से सम्पर्क किया गया लेकिन उनका फोन नहीं लगा। पता करने पर अवकाश पर होना बताया गया।

एसडीएम सोहन सिंह सैनी ने बताया कि चुनाव कार्यों सहित जनता के कई महत्वपूर्ण कार्य विकासखण्ड में होते हैं लेकिन इस प्रकार कार्य दिवस पर कर्मचारियों का नदारद रहना बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बीडीओ से स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। जिला प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है।

सदस्य उपस्थित थे। (संसू)

# करियर के अनुरूप करें विषयों का चयन

पुरोला: बर्फियालाल जुवांठा राजकीय महाविद्यालय में संचालित तीन दिवसीय ओरिएंटेशन एवं गाइडेंस, करियर काउंसिलिंग छात्र-छात्राओं का मार्ग दर्शन करते वक्ताओं ने करियर के अनुरूप विषयों का चयन करने का सुझाव दिया। करियर काउंसिलिंग के तीसरे दिन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. गणेश रतूड़ी ने छात्रों को बेहतर, सुखद भविष्य को मध्य नजर रखकर पठन-पाठन पर ध्यान देने का सुझाव दिया।

प्रो. कृष्ण देव रतूड़ी व राजेन्द्र लाल आर्य ने कहा कि स्नातक स्नातकोत्तर कक्षाओं में पढ़ाने वाले विषयों को छात्रों को अपनी रुचि व करियर के हिसाब से चुनाव करना चाहिए। कार्यक्रम में प्राध्यापक विनोद कुमार, भूपाल सिंह कार्की, नरेश लाल, डा. प्रियंका, हरीश बिजल्वाण, प्रताप सिंह, कृष्ण देव रतूड़ी, जगरनाथ असवाल, विनोद कुमार आदि मौजूद थे। (संसू)

बर्फिया लाल जुवांठा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पुरोला उत्तकाशी में दिनांक–17/11/2021 से दिनांक–20/11/2021 तक चले तीन दिवसीय ऑरिएंटेशन गाईडेंस तथा कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वति के चित्र का अनावरण, माल्यार्पण तथा द्वीप प्रज्वलन के साथ प्रारम्भ किया। बी0ए0/बी0एस0सी0 के नव–प्रवेशार्थी छात्र/छात्राओं का तिलक लगाकर एवं माला पहना कर जोरदार स्वागत किया गया।









इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया। बी0ए0/बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष के छात्र/छात्राओं के द्वारा नये प्रवेशार्थियों का भव्य स्वागत किया गया।



कार्यक्रम का संयोजन तथा संचालन श्री राजेन्द्र लाल आर्य असिस्टेंट प्रोफेसर अर्थशास्त्र के द्वारा किया गया।




इस अवसर पर सभी प्राध्यापको ने नव–प्रवेशार्थियों को अपने–2 सत्र में अपना परिचय देते हुए अपने से सम्बन्धित विभागों तथा समितियों का भी परिचय दिया जिससे छात्र/छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न रहे। डॉ0 यमुना प्रसाद रतूड़ी असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी ने अपने सम्बोधन में छात्र/छात्राओं को हिन्दी भाषा की महतता को अन्य विषयों के परिपेक्ष में रेखांकित किया। साथ ही परीक्षाओं के विषय में विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी। श्री दीपक सिंह चौहान असिस्टेंट प्रोफेसर गणित, ने गणित विषय की अन्य विषयों के साथ सम्बन्ध पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही वर्तमान में सोशल मीडिया पर हो रहे असामाजिक घटनाओं तथा अंधविश्वसों के प्रति सजग किया। डॉ0 विशम्बर जोशी असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान ने अपने सम्बोधन में छात्र/छात्राओं को टेक्सट बुक्स को पढ़ने की सलाह दी जिससे कन्टेन्ट ठीक से समझ में आ जाये। डॉ0 तबस्सुम जहां असिस्टेंट प्रोफेसर समाजशास्त्र ने अपने सम्बोधन में सभी विषयों के समान महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही सलाह दी कि अपने विषय को लगन और ईमानदारी से पढ़ें। प्रथम दिवस के सत्र को महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा यहीं पर निर्धारित कार्यक्रम के अनुसर सम्बोधित कर सम्पन्न किया।

दिनांक–18/11/2021 को कार्यक्रम के द्वितीय दिवस के प्रथम सत्र में डॉ0 प्रियंका असिस्टेंट प्रोफेसर जन्तु विज्ञान ने, अपने उद्‌बोधन में छात्र/छात्राओं को सम्बोधित कर विज्ञान विषयों को उन्ही शब्दावलियों में पढ़ने की सलाह दी जो उनसे सम्बन्धित है। उनके हिन्दी अनुवाद में अधिक कठिनाई आने के कारण विषय–वस्तु को समझने में और अधिक कठिनाई आने की सम्भावना व्यक्त की गयी। श्री विनोद कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान ने छात्र/छात्राओं को नियमित प्रातःकाल उठने और योगा करने की सलाह दी। और कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निर्माण हो सकता है। श्री भूपाल सिंह कार्की असिस्टेंट प्रोफेसर रसायन विज्ञान ने अपने उद्‌बोधन में नियमित पढ़ने तथा कक्षाओं में नियमित उपस्थित रहने की सलाह दी। श्री कृष्णदेव रतूड़ी असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास ने एक प्रयोग के माध्यम से बताया कि किया प्रकार हम अपने अन्दर की बुराईयों पर अच्छाईयों को भर कर निकाल सकते है। साथी ही उम्मीद की गयी कि महाविद्यालय की गरिमा के अनुकूल ही हम सभी व्यवहार करेंगे। और अपने विषयों का चुनाव अपने कैरियर के अनुसर करेंगे।









श्री नरेश लाल असिस्टेंट प्रोफेसर हिन्दी ने छात्र/छात्राओं को एन0सीइ0आर0टी0 की पुस्तकों को पूर्वज्ञान के रूप में ठीक से पढ़ने की सलाह दी। श्री प्रताप सिंह प्रयोगशाला सहायक ने परीक्षा से सम्बन्धित समस्याओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें आवेदन–पत्र समय पर भरने के प्रति आगाह किया। श्री हरिश चन्द्र बिजल्वाण वरिष्ठ सहायक ने अपने वक्तव्य में कार्यालय सम्बन्धी विस्तार से जानकारी दी गयी। कनिष्ठ सहायक श्री कुन्दन सिंह रावत ने पुस्तकालय तथा पुस्तकों के रख–रखव की विस्तार से जानकारी दी। अन्य कार्यालय कर्मियों का परिचय कार्यक्रम का संचालित कर रहे असिस्टेंट प्रोफेसर श्री राजेन्द्र लाल आर्य के द्वारा नव–प्रवेशार्थियों कों दिया गया।

अन्त में महाविद्यालय के प्राचार्य श्री गणेश प्रसाद रतूड़ी ने कार्यक्रम के सफल संलाचन की प्रसंसा की तथा सभी छात्र/छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कार्यालय कर्मीयों को धन्यवाद देते हुए उम्मीद की कि सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार इसी प्रकार भविष्य में भी प्रत्येक कार्यक्रम को मिलकर और सहयोग से सफल सम्पादित करेंगे।

सभी छात्र/छात्राओं को लड्डू बांट कर इस कार्यक्रम का समापन किया गया।






ओरिएंटेशन तथा
गाइडेंस, कैरियर
काउंसलिंग
कार्यक्रम 2021